युद्धस्तर पर हो रहा नालों की सफाई का कार्य

शाहजहांपुर, 23 मई (तरुणमित्र)। नगर आयुक्त के निर्देशानुसार कोविड-19 के दृष्टिगत एवं बरसात से पूर्व नगर के विभिन्न क्षेत्रों में नालो की सफाई कार्य युद्धस्तर पर कराया जा रहा है।

जिसके अन्तर्गत रविवार को सफाई जोन-1 तेल टंकी, डिपो रोड एवं एमनजई जलालनगर में सादिक खॉ की मस्जिद के पास बने नाले से निकले मलवे को उठवाये जाने का कार्य सफाई निरीक्षक पवन कुमार, सफाई जोन-02 में संगनी मैरिज लॉन से बहादुरपुरा तक एवं तारीन टिकली से हददफ चौकी तक बने नाले की सफाई का कार्य सफाई निरीक्षक हरवंष कुमार दीक्षित एवं सफाई नायक राजकुमार तथा सफाई जोन-3 कच्चा कटरा से कनौजिया अस्पताल तक बने नाले की सफाई का कार्य सफाई निरीक्षक राजमंगल की देख रेख में कराया गया।

सफाई जोन-4 में चारखम्बा से पाकड़ चौकी तक बने नाले की सफाई का कार्य सफाई निरीक्षक चन्द्रवीर सिंह सागर एवं सफाई नायक रामबाबू की देख रेख में तथा सफाई जोन-5 के ख्वाजा फिरोज में जाहिद के मकान से खन्नौत नदी तक बने नाले की सफाई का कार्य कराया गया तथा सफाई का कार्य सफाई निरीक्षक सुनील कुमार शाक्य की देख रेख में कराया गया। इसके अतिरिक्त नगर के विभिन्न क्षेत्रों में (डीप ड्रेन) छोटे नालो की सफाई भी कराई जा रही है।